प्रेस–नोट

''मैग्नीफेस्ट–2019''

प्रथम दिवस– 4 अप्रैल 2019

हिन्दुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कम्प्यूटर स्टडीज में आज 4 अप्रैल 2019 को ''**मैग्नीफेस्ट 2019**'' नाम के तीन दिवसीय ''मैनेजमेंट तथा तकनीकी उत्सव'' का शुभारंभ किया गया। उत्सव का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे एच.आई.एम.सी.एस' के ''स्टूडेंट एक्टीविटी ओपन एरिया'' में गणेश वंदना पर स्वागत नृत्य से किया गया। स्वागत नृत्य अंकिता, आयुषी, अदिति ने प्रस्तुत किया। इसके उपरान्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **श्रीमती मानसी चन्द्रा (2017 में महिला उद्यमी सम्मान से सम्मानित आगरा की उद्यमी)** तथा अन्य गणमान्य जनों द्वारा दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया है। इस अवसर पर **प्रो० डी. जी. राय चौधरी (एक्जेक्यूटिव, डॉयरेक्टर – एस.जी.आई.), प्रो० सुदीप्ता चौधरी (डॉयरेक्टर, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट), प्रो० संजय जैन (प्रोफेसर – हिन्दुस्तान कॉलेज) आदि उपस्थित थे।**

कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान **संस्थान के निदेशक प्रो0 नवीन गुप्ता जी** ने बताया कि मेग्नीफैस्ट 2019 एक राष्ट्रीय स्तर का मेनेजमेंट एण्ड टेक्निकल इंस्टीट्यूशन्स का कॉन्टेस्ट है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हमारे एम.सी.ए. तथा मेनेजमेंट विद्यार्थियों में प्रतियोगिता तथा प्रतिभागिता की भावना जागृत करने के लिये एक मंत्र उपलब्ध करना है। इसके द्वारा अन्य कॉलेज के विद्यार्थी भी एक दूसरे को समझ सकेंगे। पिछले 3 महीनों में स्टूडेन्ट्स ने कॉफी कुछ नया सीखा है जैसे कि एकजुट होकर कैसे काम किया जाता है। स्पॉंसरशिप के लिये प्रिजेन्टेशन्स तैयार करना तथा उसे प्रस्तुत करना आदि। यह एक प्रतियोगिता पर आधारित कार्यक्रम हैं जिसका लक्ष्य विद्यार्थियों में विभिन्न कौशल का विकास करना है। शिक्षा को केवल क्लॉसरूम तक रखेने से काम नहीं चलेगा। इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थी खुद कार्य को करता है तथा नफा–नुकसान समझता है। यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने मुख्य अतिथि तथा विभिन्न कॉलेजों से आये विद्यार्थियों तथा शिक्षकों का स्वागत किया।

इसके उपरान्त **श्रीमती मानसी चन्द्रा** ने अपने विचार विद्यार्थियों के समक्ष रखे तथा उन्होंने बताया कि चीजें सीखने के लिये यह जीवन बहुत छोटा है तथा हमें हमेशा नई–नई चींजें सीखनी पड़ती हैं। और वही व्यक्ति सीख सकता है जिसके पास विनय है यदि आप अहंकार में जीते हैं तो कुछ नया नहीं सीख सकते। उन्होने अपने उद्यम की स्थापना सम्बंधित अनुभवों को भी सॉंझा किया। इसके उपरान्त मेग्नीफैस्ट 2019 के लोगों तथा ट्रॉफी का विमोचन कर कार्यक्रम के शुभारम्भ की घोषणा की।

इस अवसर पर एस.ओ.एस. मथुरा के मैम्बर्स ने **श्रीमती मानसी जी** को भगवान कृष्ण जी की मूर्ति भेंट स्वरूप दी तथा एस.ओ.एस. मथुरा के विभिन्न कार्यों जैसे मथुरा कैंट स्टेशन की सप्ताह में एक दिन सफाई तथा दिन के प्रथम ऑटो सवारी से किराया मांगने के बजाये उसकी इच्छा अनुसार दी गयी रकम ही रखना आदि के बारे में बताया। इस अवसर लगभग एस.ओ.एस. मथुरा के 35 ऑटो चालक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आगरा–मथुरा तथा एन0सी0आर0 से आये लगभग 1000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस वर्ष कार्यक्रम में कुल 28 कॉलेजों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन के पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयां। उनमें से कुछ फैशन शो, बैस्ट बिजनेस मैनेजर, सोलो डाँस कम्प्टीशन, जस्ट डाँस कम्प्टीशन, एडजैप मेकिंग, लोगो डिजायनिंग, प्रोग्रामिंग कॉन्टेस्ट, स्टाल्स, मैनेजमेंट प्ले डिबेट, ट्रेजर ट्रूव, स्किट, टी–शर्ट पेंटिंग, ब्रैन वॉर टेक्निकल क्यूज, रंगोली प्रतियोगिता आदि हैं।

फैशन शो– विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत इस इवेंट को सभी ने सराहा जहाँ एक तरह एच.आई.एम.सी.एस. के विद्यार्थियों के फैशन सेंस तथा कॉन्फीडेंस की तारीफ हुई वहीं आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज, सेंट जॉन्स कॉलेज आगरा, आर.बी.एस. कॉलेज आगरा, बैकुण्ठी देवी गर्ल्स कॉलेज एवं दयालबाग ऐजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा के विद्यार्थियों के कॉस्सेप्ट की भी तारीफ हुई।

फैशन शो के जज जलवा ग्रुप के अभिषेक शर्मा (फैशन कोरियोग्राफर एण्ड डिजाइनर), स्टाइलेंट ग्रुप की निदेशक शिल्पी तथा अंशिका सक्सैना जो कि मिस इंडिया 2014 (फाइनेलिस्ट) तथा मिस भारत वर्ल्ड 2015 रह चुकी है, ने किया। इसके अतिरिक्त शो को कपिल अहूजा तथा दीपांशी शर्मा ने कोरियोग्राफ किया। शो के ड्रैस डिजाइनर साक्षी गुप्ता तथा मेकप अर्टिस्ट वेदांगी शर्मा थीं। शो स्टॉपर्स की ड्रैस मान्यवर द्वारा प्रायोजित थी।

डॉस कॉम्प्टीशन– विद्यार्थियों में सर्वाधिक लोकप्रिय इस इवेन्ट ने सर्वाधिक सराहना बटोरी। इस ईवेन्ट में हिप–हाप, ब्रेक डॉस आदि पर प्रस्तुतियाँ दी गई। एक प्रतियोगी ने स्केट्स पहन कर बहुत ही उत्तम नृत्य किया।

इस प्रतियोगिता में आर्यन, प्रिंस सिकरवार तथा अक्षय ने निर्णायकों की भूमिका निभाई।

आई० टी० क्वीज कम्प्टीशन – इस प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रतियोगियों प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा यह दो चरणों में सम्पन्न किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन सार्िक जैन और मानसी सक्सैना ने किया।

आज के कार्यक्रम के पहले दिन की एंकरिंग की जिम्मेदारी दॉमिनी, आयूषि एवं अनीश ने संभाली। बिजारे – फैशन शो के कॉर्डिनेटर के रूप में आयूषि जैन एवं अंकिता खण्डेलवाल शामिल रहे। ब्रेन वॉर टेक्निकल क्यूज के संचालक एम.सी.ए. से सार्थक, भूपेश, धरमवीर एवं मानसी रहे।